सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र**

# यूएक्स4जी कार्यशाला, शिमला (17-18 जून 2025)

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा 17 और 18 जून, 2025 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में सरकारी अनुप्रयोगों (UX4G) और डिज़ाइन सिस्टम के लिए उपयोगकर्ता अनुभव पर दो दिवसीय जागरूकता और संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों में उपयोगकर्ता-केंद्रित डिज़ाइनों को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अधिकारी, NICSI डेवलपर्स, जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी तथा राज्य के कोषागार विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। प्रत्येक दिन कार्यशाला में 45 से 50 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला में निम्नलिखित विषय शामिल किये गए।

- उपयोगकर्ता अनुभव (UX) और उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस (UI) डिज़ाइन का परिचय व अभिविन्यास
- ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों और ई-सेवाओं में बेहतर यूएक्स के लाभ और प्रभाव
- यूएक्स4जी टूल और डिज़ाइन सिस्टम का प्रदर्शन
- सरकारी और निजी क्षेत्रों के अनुप्रयोगों के केस स्टडी
- ऑनलाइन होटल आरक्षण प्रणाली (iOHRS) के केस स्टडी का प्रदर्शन
- यूएक्स डिजाइन थिंकिंग प्रक्रिया और वेब/मोबाइल ऐप्स का यूएक्स ऑडिट
- सरकारी अनुप्रयोगों में यूएक्स4जी डिजाइन और विकास घटकों का उपयोग

कार्यशाला में यूएक्स डिजाइन प्रणाली के माध्यम से सरकार द्वारा दी जाने वाली डिजिटल सेवाओं की समग्र गुणवत्ता, पहुंच और उपयोगिता को बेहतर बनाने और बढ़ाने के लिए ज्ञान साझा करने, प्रदर्शन और चर्चा की सुविधा प्रदान की गई।

कार्यशाला के दौरान iOHRS के UX ऑडिट को प्रदर्शित किया गया, तथा इस एप्लीकेशन के लिए UX डिजाइन सुधारों पर चर्चा की गई तथा सुझाव दिए गए। कुछ अन्य एप्लीकेशनस जैसे GAC, eHimBhoomi, HPAPPP, WaterBills पर भी विचार विमर्श किया गया, तथा सुधारों के लिए चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला किट भी प्रदान की गई।

## दो दिवसीय कार्यशाला की कुछ झलकियां:






